कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में मेंहदी कार्यशाला प्रारंभ

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास केन्द्र के तत्वाधान में 15 दिवसीय मेंहदी आर्ट कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

नगर के सुप्रसिद्ध मेंहदी आर्ट के विशेषज्ञ श्री मनीष कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन में 300 छात्रायें इस कार्यशाला में मेंहदी आर्ट के गुर सीख रही है।

कार्यशाला की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि महाविद्यालय के कौशल विकास केन्द्र के द्वारा लगातार कार्यशालाओं के माध्यम से छात्राओं को हुनरमंद बनाने प्रयास किए जा रहे है।

एक सप्ताह राखी मेकिंग कार्यशाला के बाद 15 दिवसीय मेंहदी आर्ट कार्यशाला प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित की गयी है। बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता इस कार्यशाला की उपलब्धि है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि विभिन्न रोजगारोपयोगी पाठ्यक्रमों तथा कौशल विकास के माध्यम से छात्रायें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखा रहीं है।

आंचलिक त्यौहारों के परिप्रेक्ष्य में राखी और मेंहदी की कार्यशाला छात्राओं की रूचि व उपयोगिता को देखते हुए आयोजित की जा रही है। शीघ्र ही इको फ्रेंडली गणेश निर्माण कार्यशाला भी महाविद्यालय के मूर्तिकला विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है।

मेंहदी आर्ट कार्यशाला में मनीष जैन की टीम के साथ ही गृहविज्ञान विभाग के प्राध्यापक कु. तब्बसुम, कु. सबीना खान भी सक्रिय दे रही है।

कार्यशाला के अंत में प्रतियोगिता आयोजित कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जावेगा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में मेंहदी कार्यशाला प्रारंभ